न्यायालय भू.अभिलेख अधिकारी (एस.डी.ओ.) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी : श्री रोहित कुमार, आर.ए.एस

मुकदमा न0 विविध 129 /2020

प्रार्थीनी :–

1. गोरखदान पुत्र श्री उदयदान, जाति चारण उम्र 29 वर्ष निवासी आकडली बक्सीराम तह0 पचपदरा जिला बाड़मेर।

बनाम

विप्रार्थी :–1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार पचपदरा

2.चण्डीदान पुत्र उदयदान

3.संतोष कंवर बेवा उदयदान चारण निवासी आकडली बक्सीराम, तहसील पचपदरा जिला बाड़मेर ।

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू0–राजस्व अधिनियम 1956 वास्ते रेकर्ड दुरूस्ती

उपस्थित :– 1. श्री भूपेन्द्र गहलोत प्रार्थीगण वकील
2. माधोसिंह चारण विप्रार्थीगण वकील

'आदेश'

दिनांक :–21.10.2020

प्रार्थी ने यह आवेदन पत्र ग्राम सुथारों की ढाणी पटवार हल्का आकडली तहसील पचपदरा में भूमि खसरा न0 102 रकबा 87.05 बीघा, खसरा न0 186 रकबा 15.13 बीघा व सरहद मौजा आकडली बक्सीराम में खसरा न0 9 रकबा 18 बीघा स्थित है। प्रार्थी की उक्त खातेदारी की कृषी भूमी पूर्व में प्रार्थी के पिता उदयदान पुत्र मंगलदान के खातेदारी की रही है। प्रार्थी के पिता उदयदान की फौतगी म्युटेशन में प्रार्थी का घरेलु व स्नेह प्यार का नाम गणपतदान पुत्र उदयदान राजस्व रेकर्ड में दर्ज कर दिया, लेकिन वास्तव में प्रार्थी का सही व वास्तविक नाम गोरखदान पुत्र उदयदान है। जिसकी रेकर्ड में नाम की दुरूस्ती करने हेतु धारा 136 राज. भू राजस्व अधिनियम 1956 के अन्तर्गत दुरूस्त करने हेतु प्रस्तुत किया है।

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र दर्ज कर विप्रार्थीगण को सम्मन दिनांक 07.09..2020 को जारी किया गया । विप्रार्थीगण की और से जबाब पेश किया जिसमें प्रार्थी का अशुद्व नाम गणपतदान पुत्र उदयदान के स्थान पर गोरखदान पुत्र उदयदान राजस्व रेकर्ड में दर्ज किया जाता है तो हम विप्रार्थीगण को कोई उज्र ऐतराज नहीं है ।

दोनो पक्षो की बहस सुनी गयी तथा हमने प्रकरण का गौर से अवलोकन किया एवं प्रार्थी के द्वारा अपना जन्म से नाम गोरखदान के सम्बन्ध में परिवार राशन कार्ड, परिचय पत्र,

सहायक कलेक्टर (S.D.O.) बालोतरा

Scanned by CamScanner

आधार कार्ड , जन्म प्रमाण पत्र, पेन कार्ड एवं अन्य सरकारी व अन्य अर्द्धसरकारी दस्तावेजों का स्वप्रमाणित प्रतियां पेश कि जिसका का अवलोकन किया गया।

उपरोक्त विवेचन के आधार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार पचपदरा को आदेश दिया जाता है कि सुथारों की ढाणी पटवार हल्का आकडली तहसील पचपदरा में भूमि खसरा न0 102 रकबा 87.05 बीघा, खसरा न0 186 रकबा 15.13 बीघा व सरहद मौजा आकडली बक्सीराम में खसरा न0 9 रकबा 18 बीघा में प्रार्थी का अशुद्व नाम गणपतदान पुत्र उदयदान के स्थान पर गोरखदान पुत्र उदयदान राजस्व रेकर्ड में अंकित किये जाने को आदेश दिया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 21.10.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

पत्रावली फैसल सुमार होकर के दाखिल दफतर हो ।

सहायक कलेक्टर (S.D.O.) बालोतरा

(रोहित कुमार)
भू.अभिलेख अधिकारी
(एस.डी.ओ.) बालोतरा

सहायक कलेक्टर
(एस.डी.ओ.) बालोतरा

Scanned by CamScanner